केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 2 वायु सेना स्थल आदमपुर

स्वच्छता संदेश

2 अक्टूबर 2014 को हमारे प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने अपनी दिनचर्या में स्वच्छता को जोड़ने के लिए स्वच्छ भारत अभियान आरंभ किया। स्वच्छता के प्रति लोगों में जागरूकता लाने के लिए इस अभियान को शुरू किया गया ताकि लोग अपनी पूरी निष्ठा के साथ अपनी जिम्मेदारी को निभाएं विशेष तौर पर युवा पीढ़ी स्वच्छता के महत्व को समझें। सभी बच्चे अपने गांव, अपने घर, अपने मुहल्ले, अपने विद्यालय और अपनी कक्षा में स्वच्छता का ध्यान रखें और देश के विकास में योगदान करें। अगर हम प्रभावी रूप से स्वच्छता का अनुसरण करें, तो आगे आने वाले वर्षों में अपने देश को गंदगी मुक्त कर सकते हैं। सभी अभिभावकों तथा शिक्षकों से विशेष आग्रह है कि जहां तक संभव हो सके, आगे आनेवाली पीढ़ी और देश के बेहतर भविष्य के लिए युवा वर्ग को स्वच्छता के प्रति प्रोत्साहित करें और स्वयं भी समाज परिवार और देश के लिए मार्गदर्शक बने रहें। एक कहावत है कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का विकास होता है और अच्छा स्वास्थ्य स्वच्छता के बिना संभव नहीं है। एक बार पुनः सभी से मेरा निवेदन है कि न केवल स्वच्छता पखवाड़ा में स्वच्छता का ध्यान रखें अपितु हर क्षण स्वच्छता को ध्यान में रखते हुए देश के बेहतर भविष्य के लिए कार्य करें।

धन्यवाद

अनिल कुमार धीमान

प्राचार्य